5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 जून 2025

अंक : 505

## वेकोलि में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

## वेकोलि के वणी क्षेत्र को सर्वाधिक सुरक्षित क्षेत्र को दिया जाने वाली सर्वोच्च 'सान्याल मेमोरियल ट्रॉफी' से नवाजा गया



खान सुरक्षा महानिदेशालय तथा वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में 31 मई, 2025 को वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2024 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कविवर्य सुरेश भट सभागृह, नागपुर में आयोजित समारोह में माननीय श्री उज्ज्वल ता, खान सुरक्षा महानिदेशक, भारत सरकार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वेकोलि के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी ने की।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री जे. पी. द्विवेदी ने कहा कि खनन कार्य में सुरक्षा को एक जीवन शैली के तौर पर अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के साथ किया हुआ कार्य ही सफल है एवं सभी के सामूहिक भागीदारी से ही शून्य दुर्घटना का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने सभी से सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन करने का आह्वान किया।

खान सुरक्षा महानिदेशक श्री उज्ज्वल ता ने अपने उद्बोधन में वेकोलि द्वारा बेहतर सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा दैनिक कार्यों का अंग होना चाहिए तथा वेकोलि प्रबंधन, कर्मी गण एवं खान सुरक्षा महानिदेशालय, सब के मिले-जुले प्रयासों से ही इस उद्देश्य की पूर्ति हो सकेगी। उन्होंने वेकोलि में नई तकनीकी का इस्तेमाल करने, स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर को अपनाने, कार्य के दौरान जागरूक रहने आदि विषयों पर बात की। अंत में उन्होंने वर्त्तमान वित्तीय वर्ष के उत्पादन लक्ष्य को सुरक्षात्मक तरीके से हासिल करने के लिए वेकोलि को अपनी शुभकामनाएं दीकार्यक्रम का शुभारंभ सुरक्षा ध्वजारोहण तथा सुरक्षा ज्योति के प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। वेकोलि के शहीदों के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सुरक्षा शपथ का वाचन और स्वागत उद्बोधन श्री दिनेश बिसेन, महाप्रबंधक (सुरक्षा/रेस्क्यू) ने किया।

वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2024 के समापन समारोह के निमित्त सुरक्षा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। वेकोलि के सभी क्षेत्रों ने सुरक्षा संबंधी विषयों पर अपने स्टॉल प्रदर्शित किए। अतिथियों ने इस प्रदर्शनी को प्रत्यक्ष भेंट दी एवं प्रस्तुत उपकरणों तथा गतिविधियों को सराहा। कार्यक्रम के दौरान गणमान्यों ने सुरक्षा स्मारिका का विमोचन किया। साथ ही विशेष रूप से सक्षम बच्चों एवं अन्य कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य कर रहे कर्मियों, खदानों एवं क्षेत्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस वर्ष का 'डी जे देशमुख मेमोरियल अवॉर्ड' नागपुर क्षेत्र के श्री विनोद कुमार चौरसिया को दिया गया। साथ थी नवाचार में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'भास्कर भट्टाचार्य मेमोरियल अवॉर्ड' वणी क्षेत्र के पेनगंगा ओसीएम की टीम – श्री आशीष शुक्ला, प्रबंधक(उत्खनन), श्री दीपक जॉय, सह. प्रबंधक (उत्खनन), श्री रोशन केलज़रकर, ऑटो इलेक्ट्रीशियन एवं श्री अंकुश भोगेकर, ऑटो इलेक्ट्रीशियन को दिया गया। सर्वोत्कृष्ट उत्खनन कार्यों के लिए दिए जाने वाला 'प्रकाश नंदन मेमोरियल अवॉर्ड' उमरेड ओसीएम, उमरेड क्षेत्र को दिया गया। सर्वाधिक सुरक्षित क्षेत्र को दिया जाने वाला सर्वोच्च 'सान्याल मेमोरियल अवॉर्ड' वेकोलि के वणी क्षेत्र को प्रदान किया गया।



इस अवसर पर खान सुरक्षा महानिदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी गण, वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री ए. के. सिंह, निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, खान सुरक्षा उपमहानिदेशक, पश्चिम झोन श्री रामअवतार मीणा, खान सुरक्षा निदेशक, उत्तर झोन, श्री नीरज कुमार, खान सुरक्षा महानिदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी गण, कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्य, वेकोलि संचालन समिति एवं सुरक्षा मंडल के सदस्य प्रमुखता से उपस्थित थे। कार्यक्रम में झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आभा द्विवेदी के साथ-साथ उपाध्यक्ष गण तथा सदस्यों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनुपमा टेंभुर्णीकर, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), श्री एस. पी. सिंह, पूर्व सलाहकार (जन संपर्क) तथा श्री सी. जे. जोसफ, सदस्य, सीआईएल सुरक्षा बोर्ड, ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री मोहोम्मद साबिर, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, उमरेड क्षेत्र ने किया। अगले वर्ष के खान सुरक्षा पखवाड़ा के आयोजन की जिम्मेदारी वणी नॉर्थ क्षेत्र को दी गई।

पुरस्कार वितरण के कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य कर रहे कर्मियों, खदानों एवं क्षेत्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस वर्ष का 'डी जे देशमुख मेमोरियल अवॉर्ड' नागपुर क्षेत्र के श्री विनोद कुमार चौरसिया को दिया गया। साथ थी नवाचार में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'भास्कर भट्टाचार्य मेमोरियल अवॉर्ड' वणी क्षेत्र के पेनगंगा ओसीएम की टीम – श्री आशीष शुक्ला, प्रबंधक(उत्खनन), श्री दीपक जॉय, सह. प्रबंधक (उत्खनन), श्री रोशन केलज़रकर, ऑटो इलेक्ट्रीशियन एवं श्री अंकुश भोगेकर, ऑटो इलेक्ट्रीशियन को दिया गया। सर्वोत्कृष्ट उत्खनन कार्यों के लिए दिए जाने वाला 'प्रकाश नंदन मेमोरियल अवॉर्ड' उमरेड ओसीएम, उमरेड क्षेत्र को दिया गया। सर्वाधिक



सुरक्षित क्षेत्र को दिया जाने वाला सर्वोच्च 'सान्याल मेमोरियल अवॉर्ड' वेकोलि के वणी क्षेत्र को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर खान सुरक्षा महानिदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी गण, वेकोलि के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री ए. के. सिंह, निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, खान सुरक्षा उपमहानिदेशक, पश्चिम झोन श्री रामअवतार मीणा, खान सुरक्षा निदेशक, उत्तर झोन, श्री नीरज कुमार, खान सुरक्षा महानिदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी गण, कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्य, वेकोलि संचालन समिति एवं सुरक्षा मंडल के सदस्य प्रमुखता से उपस्थित थे। कार्यक्रम में झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आभा द्विवेदी के साथ-साथ उपाध्यक्ष गण तथा सदस्यों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अनुपमा टेंभुर्णीकर, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), श्री एस. पी. सिंह, पूर्व सलाहकार (जन संपर्क) तथा श्री सी. जे. जोसफ, सदस्य, सीआईएल सुरक्षा बोर्ड, ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री मोहोम्मद साबिर, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, उमरेड क्षेत्र ने किया। अगले वर्ष के खान सुरक्षा पखवाड़ा के आयोजन की जिम्मेदारी वणी नॉर्थ क्षेत्र को दी गई।

## सीएसआर के अंतर्गत इरई नदी की गाद सफाई हेतु ₹ 2 करोड़



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) ने अपनी एक महत्वपूर्ण सीएसआर (CSR) पहल के अंतर्गत चंद्रपुर स्थित इरई नदी की गाद निकासी एवं सफाई कार्य हेतु ₹2.00 करोड़ की राशि स्वीकृत की है।

चंद्रपुर जिला प्रशासन ने 25 अप्रैल से 10 जून 2025 तक एक विशेष अभियान की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य चंद्रपुर शहर से लेकर वर्धा नदी संगम तक की इरई नदी की गाद सफाई करना था। इस पहल के मुख्य उद्देश्य मानसून के दौरान आने वाली बाढ़ को रोकना, स्वच्छता में सुधार लाना और जल-जमाव व प्रदूषण से उत्पन्न गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों को कम करना है।

वेकोलि की खदानें इरई नदी के करीब स्थित हैं। अतः वेकोलि ने चंद्रपुर के जिलाधिकारी द्वारा किए गए अनुरोध पर तुरंत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी तथा दिनांक 09.06.2025 को चंद्रपुर के नियोजन भवन में आयोजित एक समारोह में इस कार्य हेतु समझौता ज्ञापन (MoU) किया।

यह समझौता वेकोलि की ओर से चंद्रपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री हर्षद दातार तथा चंद्रपुर नगर निगम की ओर से आयुक्त श्री विपिन पालीवाल द्वारा हस्ताक्षरित किया गया।

इस अवसर पर अनेक विशिष्ट जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही, जिनमें श्री विनय गौड़ा जी.सी. (जिलाधिकारी), श्री पुलकित सिंह (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, चंद्रपुर जिला परिषद), श्री सुधर्शन मुम्मका (पुलिस अधीक्षक, चंद्रपुर), प्रो. (डॉ.) अशोक जनाबाई रामाजी उइके (पालक मंत्री, चंद्रपुर), श्रीमती प्रतिभा सुरेश धनोरकर (सांसद, चंद्रपुर), डॉ. किरसन नामदेव (सांसद, गढ़चिरोली–चिमूर), श्री विजय नामदेवराव वडेट्टीवार (नेता विपक्ष, महाराष्ट्र), तथा विधायकगण – श्री कीर्तिकुमार मितेश भांगड़िया, श्री किशोर जोर्गेवार, श्री सुभाष धोटे, श्री करण संजय देवतले तथा विधान परिषद सदस्य – श्री सुधाकर गोविंदराव अडबाले एवं श्री अभिजीत गोविंदराव वंजारी।

यह उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी वेकोलि ने पर्यावरणीय एवं जनसुरक्षा की दृष्टि से इसी नदी की गाद निकासी हेतु अपने पर्यावरण निधि से कुल ₹5.41 करोड़ का योगदान दिया था।

## वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को दहेगांव माकरधोकड़ा-IV कोयला खदान के लिए वेस्टिंग ऑर्डर प्राप्त, भारत में ऊर्जा पूर्ति के कार्य को मिलेगा बल

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्लूसीएल) ने प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से दहेगांव माकरधोकड़ा-IV कमर्शियल कोल ब्लॉक हासिल किया है। इस तारतम्य में दिनांक 27 मार्च, 2025 को इस कोयला खदान के विकास एवं उत्पादन के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके उपरान्त दिनांक 29 मार्च, 2025 को भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा जारी, दहेगांव माकरधोकड़ा-IV कोयला खदान हेतु वेस्टिंग ऑर्डर प्राप्त हुआ।

यह महत्वपूर्ण उपलब्धि डब्लूसीएल के कोयला उत्पादन क्षमता को बढ़ाने और भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण पहल है। डब्लूसीएल, कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) की पहली सहायक कंपनी है, जिसने



प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से एक कमर्शियल कोल ब्लॉक हासिल किया है।

दहेगांव माकरधोकड़ा-IV कोयला खदान में 120 मिलियन टन (MT) का कोयला भंडार है एवं इसे प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त किया गया है। यह खदान डब्लूसीएल के उमरेड कोलफील्ड के निकट स्थित है, जिससे इसके विकास में सामरिक लाभ एवं सुगमता होगी। इस कमर्शियल कोल ब्लॉक से कोयला उत्पादन को बल मिलेगा, संसाधनों का समुचित उपयोग होगा तथा भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहायता होगी।

डब्लूसीएल अपने परिचालन का विस्तार करते हुए सतत खनन, तकनीकी नवाचार और उत्तरदायी कार्य प्रणालियों के लिए प्रतिबद्ध है। दहेगांव माकरधोकड़ा-IV के लिए वेस्टिंग ऑर्डर प्राप्त करना डब्लूसीएल की दूरदर्शिता, संकल्प और राष्ट्रीय प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर डब्लूसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री जय

प्रकाश द्विवेदी तथा सभी निदेशक गण ने माननीय कोयला मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी, सचिव (कोयला) श्री विक्रम देव दत्त, अपर सचिव (कोयला) श्रीमति रूपिंदर बरार तथा कोयला मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन हेतु आभार व्यक्त किया। श्री द्विवेदी ने कहा कि उनके सहयोग से ही डब्लूसीएल ने पहली बार एक कमर्शियल कोयला ब्लॉक प्राप्त किया है, जो किसी भी सीआयएल की सहायक कंपनी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## वेकोलि ने दर्ज किया स्थापना से अब तक का सर्वोच्च कर पूर्व लाभ



नागपुर | दिनांक: 03 जून, 2025: वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि), कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की एक अनुषंगी कंपनी, ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान अपनी स्थापना से लेकर अब तक का सर्वोच्च कर पूर्व लाभ (Profit Before Tax) दर्ज करते हुए एक ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है।

वित्त वर्ष 2024-25 में वेकोलि ने ₹4375.55 करोड़ का कर पूर्व लाभ अर्जित किया, जो कि पिछले वित्त वर्ष के ₹4181.67 करोड़ की तुलना में 4.64% अधिक है। यह उपलब्धि कोयला उत्पादन में ऐतिहासिक वृद्धि, परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार तथा विद्युत एवं गैर-विद्युत क्षेत्रों से सशक्त मांग के परिणामस्वरूप संभव हो सकी है।

वेकोलि के निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, "यह आंकड़ा केवल एक आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि यह राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतत प्रयासरत वेकोलि की प्रतिबद्धता, समर्पण एवं टीम वर्क का प्रतीक है।" उन्होंने आगे बताया कि यह उपलब्धि कंपनी के द्वारा अपनाई गई रणनीतिक पहलों, जिनमें नई खदानों की शुरुआत, तकनीकी आधुनिकीकरण, तथा पर्यावरणीय स्थिरता पर केंद्रित योजनाएं आदि से संभव हुई है। वेकोलि की यह उपलब्धि ऐसे समय में सामने आई है जब देश ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने एवं कोयला आयात पर निर्भरता को घटाने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रहा है। वेकोलि का यह प्रदर्शन, कोल इंडिया लिमिटेड के 2030 तक 1 अरब टन (One Billion Tonne) वार्षिक कोयला उत्पादन के लक्ष्य की पूर्ति में अहम भूमिका निभाएगा।

ज्ञात हो कि वेकोलि, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश में 47 से अधिक खदानों का संचालन कर रही है। वर्तमान में, कंपनी में, 32,685 कर्मचारी कार्यरत हैं। जहाँ एक ओर वैश्विक स्तर पर कोयला उद्योग पर्यावरणीय दायित्वों की कसौटी पर खरा उतरने के प्रयास कर रहा है, वहीं वेकोलि ने पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए इको-फ्रेंडली खनन, भूमि पुनर्वास और ग्रीन बेल्ट विकास जैसी पहलों को प्राथमिकता दी है।

## वेकोलि में विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्त दान शिविर का आयोजन

विश्व रक्तदाता दिवस पर वेकोलि मुख्यालय में दिनांक 14.06.2025 को जीवन ज्योति ब्लड सेंटर, नागपुर, के संयुक्त तत्वावधान में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वेकोलि मुख्यालय के सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन वेकोलि के निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे ने किया।

अवसर विशेष पर अपने उद्बोधन में डॉ. हेमंत शरद पांडे ने कहा कि इस शिविर में वेकोलि कर्मियों तथा उनके आश्रितों ने रक्त दान कर के, समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किया है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए रक्तदान के महत्व को उजागर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान निश्चित ही श्रेष्ठ दान है और इस नेक कार्य में डॉ. पांडे ने वेकोलि की भागीदारी का आश्वासन दिया।




शिविर में 55 लोगों ने रक्त दान किया। शिविर के आयोजन में चिकित्सा सेवाएँ विभाग का सक्रिय योगदान रहा। शिविर में जीवन ज्योति ब्लड सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. शीला मूंदड़ा की विशेष उपस्थिति रही।

## वेकोलि ने सोल्लास मनाया 'विश्व पर्यावरण दिवस'




टीम वेकोलि ने विश्व पर्यावरण दिवस पर आज दिनांक 05.06.2025 को कंपनी मुख्यालय में वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। पर्यावरण दिवस के इस कार्यक्रम में सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री ए. के. सिंह, निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री आनंदजी प्रसाद, एवं निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. हेमंत शरद पांडे उपस्थित थे।

सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वेकोलि द्वारा किए गए विविध कार्यों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि वर्ष के प्रत्येक दिन, सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहना तथा उस दिशामें सकारात्मक योगदान देना चाहिए। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की अपील की।

श्री द्विवेदी ने कोयला मंत्रालय के "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान की वेकोलि में शुरुआत की। वृक्षारोपण का यह विशेष अभियान 5 जून से 31 अगस्त, 2025 तक मुख्यालय के साथ ही सभी क्षेत्रों में चलाया जाएगा।

प्रारंभ में वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने पर्यावरण ध्वज फहराया तथा कर्मियों को पर्यावरण - संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई। इसके उपरांत, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री पी. एम. प्रसाद के पर्यावरण दिवस के संदेश का वाचन महाप्रबंधक (पर्यावरण) श्री पी. एम. लोखंडे द्वारा किया गया। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। उपरान्त सभी अतिथियों ने पौधा रोपण किया।



## महिलाओं के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) के चिकित्सा विभाग, झंकार महिला मंडल, तथा सेवेनस्टार हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक : 11.06.2025 को महिलाओं के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका 90 से अधिक महिलाओं ने लाभ उठाया।

शिविर के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि झंकार महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आभा द्विवेदी-शुक्ला थीं। महिलाओं को संबोधित करते हुए श्रीमती आभा द्विवेदी-शुक्ला ने उपस्थित महिलाओं से पुरुषों के कंधे से कंधा मिला कर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कई कामयाब महिलाओं के उदाहरण देते हुए कहा कि आज की नारी प्राय: हर क्षेत्र में प्रगति कर रही है।

कार्यक्रम में झंकार महिला मंडल की उपाध्यक्षा श्रीमती इंदु सिंह, श्रीमती रीना पांडे और श्रीमती डॉ. सोनाली म्हेत्रे उपस्थित रहीं।

शिविर में, बॉन मिनरल डेंसिटी, ब्लड प्रेशर तथा ब्लड शुगर की जांच के साथ मुफ्त औषधियों का वितरण भी किया गया। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. शांतला भोले ने मेनोपॉज, कैल्शियम की कमी, कमर दर्द और घुटनों की समस्याओं से बचाव के उपाय बताए तथा महिलाओं के शंकाओं का समाधान किया।

शिविर का संचालन वेकोलि की प्रमुख चिकित्सा सेवाएं श्रीमती डॉ. जयश्री मोघे एवं श्रीमती डॉ. माला कुमारी ने किया।





वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं द इनोव्हेटस्, नागपुर द्वारा मुद्रित।